Tel. No. 0291-2625630

श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति
महिला महाविद्यालय

(जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध)

सिवाञ्ची गेट, जोधपुर

Mail ID: spspsrsmmv@gmail.com

क्रमांक : श्रीपुश्रीपुसूरूस्मृ/म.महा.वि./2023/ दिनांक :

महाविद्यालय में IQAC के तहत संगोष्ठी का आयोजन

श्री पुष्टिकर श्रीपुरोहित सूरजराज रूपा देवी स्मृति महिला महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में आज दिनांक 03.02.2023 को IQAC के तहत **"राजस्थान के थार मरुस्थल की जैव विविधता"** विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात प्रो. अनिल कुमार छंगाणी (विभागाध्यक्ष जंतुविज्ञान, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर) ने अपने व्याख्यान से विज्ञान संकाय एवं बीसीए की छात्राओं को मरुस्थलीय परिवेश एवं जैव विविधता के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि "थार मरुस्थल में पायी जाने वाली घनी जैव विविधता जैसे स्थानीय वनस्पति जात कैर, कुमट, सांगरी और कीड़े मकोड़े, सरिसर्प, स्तनधारी इत्यादि से जैव भार व अन्योन्य क्रियाएँ इस पारिस्थिति की तंत्र में सुचारु रूप से चलती है। इसी प्रकार परंपरागत जल स्रोत अर्थात नाडी, पोखर, तालाब, कुए, बावड़ी आदि मरुस्थल के आम आदमियों की जल आपूर्ति का न केवल माध्यम रहे बल्कि जीवन जीने का आधार बने। लेकिन बदलते परिवेश में इन जलस्रोतों के प्रति उदासीनता का और नये-नये आयामों की खोज से जैव विविधता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी है। ऐसे में प्रत्येक ग्रामवासी व नगर वासियों का पुनीत कर्तव्य बनता है कि वे इन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखें।" डॉ. माधव देव बोहरा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि "जैव विविधता पर दिये गए व्याख्यान से महाविद्यालय की छात्राएँ लाभान्वित हुई।"

(डॉ. तेजेन्द्र वल्लभ व्यास)
मीडिया प्रभारी

(डॉ. माधव देव बोहरा)
प्राचार्य